भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.3378

12 मार्च 2026, को उत्तर दिए जाने के लिए

डीडीए द्वारा भूमि अधिग्रहण

3378. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उन्हें कितनी मुआवजा राशि प्रदान की गई है;
(ख) इस मुआवजे की दर को पिछली बार किस तिथि को संशोधित किया गया था; और
(ग) क्या इसमें संशोधन करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सूचित किया है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण भूमि का अधिग्रहण नहीं करता है और किसानों/व्यक्तियों को दिए गए मुआवजे सहित अधिग्रहण कार्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि उनके पास ऐसी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि उनके अभिलेख के अनुसार, पिछली बार इस दर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के भूमि और भवन विभाग के दिनांक 24.01.2008 के आदेश के माध्यम से संशोधित किया गया था।

(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****